प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

30 नवंबर 2023

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – नवंबर 2023

नवंबर 2023 माह के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा दरों के संबंध में प्राप्त आंकड़े तालिका 1 से 7 में दर्शाए गए हैं।

मुख्य बातें:

उधार दर:

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) अक्तूबर 2023 में 9.50 प्रतिशत (सितंबर 2023 में 9.38 प्रतिशत) थी।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बकाया रुपया ऋणों पर डब्लूएएलआर अक्तूबर 2023 में 9.84 प्रतिशत हो गई, जबकि सितंबर 2023 में 9.83 प्रतिशत थी।[1]
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की निधि की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) की 1-वर्ष की माध्यिका नवंबर 2023 में 8.70 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही।

जमा दर:

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया मीयादी जमा पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) अक्तूबर 2023 में 6.31 प्रतिशत रह गई, जबकि सितंबर 2023 में 6.32 प्रतिशत थी।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की बकाया रुपया मीयादी जमा पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) अक्तूबर 2023 में 6.75 प्रतिशत (सितंबर 2023 में 6.69 प्रतिशत) थी।[1]

अजीत प्रसाद
निदेशक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1379
(संचार)

[1] एक बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है।